हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, रविवार 4 अगस्त 2024


तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


13 आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने धान के साथ अन्य फसलों...





14 गुरुकुल विद्यालय में मनाई गई हरेली...







श्री शंकराचार्य कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc.(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 9926129192
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com


# सावन माह की शिवरात्रि पर नगर के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने परिवार के साथ किया अभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

शुक्रवार को श्रावण मास की शिवरात्रि पर्व के अवसर नवागढ़ नगर सहित आसपास ग्रामीण क्षेत्रों में घर-घर ऑनलाइन भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया गया। कथा वाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने पार्थिव शिवलिंग बनाकर महारुद्राभिषेक करने की बात कही थी। उसी अनुसार नवागढ़ एवं ग्रामीण अंचलों में महिलाओं ने पूजन सामग्री एकत्रित कर अपने-अपने परिवार के साथ ऑनलाइन तरीके से देखते हुए घर पर ही भगवान शिव का रूद्राभिषेक किया। पंडित प्रदीप मिश्रा के संदेश के बाद शुक्रवार को नवागढ़ क्षेत्र के श्रद्धालु रुद्राभिषेक के लिए लगने वाली सामग्रियों को खरीदने के लिए बाजार पहुंचे। जहां बाजार में पूरे दिन फल,फूल की मालाओं की दुकान, पूजन सामग्री की दुकान,सहित मिठाई की दुकान पर शिव भक्तों की चहल पहल चली ।रुद्राभिषेक के लिए पंडित प्रदीप मिश्रा ने शुक्रवार शाम 7 बजे से लेकर 8 बजे तक का समय तय किया गया था। इस दौरान श्रद्धालु ऑनलाइन यानी टीवी और मोबाइल के माध्यम से पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा किए रुद्राभिषेक का लाइव प्रसारण देखते नवागढ़ शहर से लेकर गांव में सभी ने अपने-अपने घरों में परिवार के लोगो के साथ भगवान शिव का पूजन-अर्चना कर रुद्राभिषेक किया ।

## टीवी के सामने बैठकर किया पार्थिव शिवलिंग का निर्माण, की पूजा

### रुद्राभिषेक का विशेष महत्व

पंडित श्रीकांत शर्मा ने बताया कि अभी पूरा भारत सावन मय है और भगवान शिव की भक्ति में डूबा हुआ है। इस दौरान भक्त भोलेनाथ को मनाने के लिए कई तरह के पूजा अनुष्ठान का आयोजन करते हैं। इसमें सबसे खास माना जाता है रुद्रअभिषेक। लेकिन, कई लोग इसकी विधि की जानकारी ना होने से नहीं कर पाते। ऐसे में प्रसिद्ध कथा वाचक प्रदीप मिश्रा ने इसका तोड़ निकाला और करोड़ों भक्तों से एक साथ ऑनलाइन रुद्राभिषेक कराया।



### विसर्जन के लिए लगी भीड़

रुद्राभिषेक होने के बाद श्रद्धालुओं ने किसी ने घर पर तो किसी ने तालाब पर जाकर पार्थिक शिवलिंग का विसर्जन किया। नवागढ़ में अभिषेक होने के बाद लोग अपने सिर पर शिवलिंग को रखकर नजदीकी तालाब के तट पर पहुंचे। जहां उन्होंने पार्थिव शिवलिंग और पूजन सामग्री का विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

## खबर संक्षेप



### सिवनी स्कूल में हुआ शिक्षक-पालक सम्मेलन

**नवागढ़।** शुक्रवार को शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिवनी में शिक्षक-पालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। उक्त बैठक में बच्चों की नियमित उपस्थिति, शैक्षणिक एवं नैतिक विकास, विद्यालय परिसर की सफाई, रोपित वृक्षों की सुरक्षा व्यवस्था एवं किचन गार्डन, जाति-निवास प्रमाण पत्र तथा न्यौता भोज के साथ साथ विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। बैठक के समापन उद्बोधन में विद्यालय के प्रधानपाठक परमानंद पाण्डेय द्वारा बच्चों के विकास हेतु विभिन्न गतिविधियों में विद्यालय का सहयोग करने हेतु पालकों को प्रेरित किया गया। साथ ही संकुल स्तरीय मेगा-पालक सम्मेलन मुरता में अपनी गरिमामयी उपस्थिति हेतु आमंत्रित किया गया। इस बैठक में विद्यालय के शिक्षक अनिल कुमार बंजारे, आशीष वैष्णव एवं आशाराम सिन्हा सहित बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित रहे।

### मदन लाल साहू कालेज अरमरीकला में दीक्षारंभ कार्यक्रम कल

**बालोद/कलंगपुर।** मदन लाल साहू शासकीय महाविद्यालय अरमरीकला में 5 अगस्त सोमवार को सुबह 11 बजे से दीक्षारंभ कार्यक्रम रखा गया है। इस अवसर पर सभी संकाय के प्रथम वर्ष के विद्यार्थी इस दीक्षा आरंभ कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में पालक और जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी।

### हरेली पर दल्लीराजहरा में आज होंगी विविध स्पर्धाएं

**दल्लीराजहरा।** छत्तीसगढ़ समन्वय समिति दल्ली राजहरा द्वारा छत्तीसगढ़ के प्रथम त्योहार हरेली धूमधाम से मनाया जाएगा। छत्तीसगढ़ समन्वय समिति के श्री साहू ने बताया कि समिति की ओर से रविवार को दोपहर 2 बजे खेती किसानी के औजार की पूजा अर्चना की जाएगी। उसके बाद महिलाओं एवं पुरुषों के लिए गेड़ी दौड़ की प्रतियोगिता, नारियल फेंक प्रतियोगिता, सेक्टर दौड़ तथा रास्ता खींच प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। प्रतियोगिता में दल्लीराजहरा सहित छत्तीसगढ़ के सभी निवासी शामिल हो सकते हैं।

### बैठक 6 को

**बालोद।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक पेंशनर भवन शिकारीपारा बालोद में 6 अगस्त को सुबह 12 बजे से रखी गई है। बैठक में विभिन्न जानकारी दी जाएगी।

## मौसम : शुक्रवार रात से शुरू हुई बारिश शनिवार रात तक रही जारी


# लगातार बारिश से अस्त-व्यस्त हुआ जनजीवन, कई सड़कों पर भरा पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शहर सहित जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में सावन लगने के बाद से ही कभी रूक-रुककर तो कभी लगातार बारिश का दौर जारी है। शुक्रवार रात से चालू बारिश शनिवार रात तक जिले में कहीं तेज तो कहीं रिमझिम बारिश होती रही। मूसलाधार बारिश की वजह से कई इलाकों में पानी भर गया है। नाले उफान पर हैं, तो वहीं कई सड़कें तालाब बनी हुई हैं। जिले में भारी बारिश का दौर जारी और गरज-चमक के साथ बिजली भी गिर रही है।जिसके चलते जनजीवन अस्त व्यस्त रहा ।

गौरतलब हो कि बीते दिनों हुई बारिश के बाद क्षेत्र के सभी नदी नाले तालाब पानी से लबालब भर गए। वहीं शनिवार रात को भी कई गांव में तेज बारिश हुई। जिससे नदी नाले उफान पर रहे। बेमेतरा जिले में पिछले 24 घंटे में 17.6 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। इसमें सर्वाधिक बारिश बेरला ब्लॉक क्षेत्र में 29 इंच दर्ज की गई। वहीं जिले में अब तक 966.64 इंच औसत बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने आगामी दो दिनों तक भारी बारिश के साथ बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है. साथ ही बचाव के लिए टिप्स भी दिए हैं। मौसम विभाग की तरफ से अनावश्यक घर से बाहर न निकलने की अपील की गई. असुरक्षित भवनों, पेड़ों के संपर्क में आने से बचने की बात कही गई है। मौसम विभाग की तरफ से लोगों को घरों में रहने की सलाह दी गई।

### अधिकांश सड़कों की हालत खराब, हो रहीं दुर्घटनाएं




बेमेतरा शहर सहित जिले की प्रमुख सड़कें बारिश में ही बदहाल अवस्था में पहुंच गई हैं। अधिकांश सड़कों पर गड्ढे हो गए हैं, इनमें गिरकर वाहन चालक घायल हो रहे हैं। अभी तक नगर पालिका और पीडब्ल्यूडी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। नागरिकों ने कम से कम संबंधित विभाग से गड्ढे को ठीक करने की मांग की है, ताकि दुर्घटनाएं न हों। बता दें कि शहर के कई वार्डों की सड़के जर्जर अवस्था में पहुंच गई है, इन मार्गों पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। कई मार्गों पर तो लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। इसके साथ ही गड्ढे के कारण आए दिन हादसे हो रहे है। कई बार नागरिकों ने नगर पालिका के जिम्मेदारों को समस्या से अवगत करा दिया लेकिन अभी तक ध्यान नहीं दिया।

# बुजुर्ग किसान ने दी आत्मदाह की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/साजा

विकासखण्ड मुख्यालय से लगे ग्राम पंचायत तेंदुभाठा निवासी 85 साल के बुजुर्ग किसान रामखेलावन शर्मा ने सरपंच पति सुप्रीत साहू पर मनमाने कार्यशैली का आरोप लगाया है। इससे नाराज एवं परेशान होकर उन्होंने कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में आत्मदाह की सूचना दी है। बेमेतरा कलेक्टर को दिए इस आवेदन की प्रतिलिपि गृहमंत्री विजय शर्मा को भी सौंपी है।



■ कलेक्टर जनदर्शन में दिया आवेदन

बुजुर्ग ने बताया के उनके खेत में नाले का पानी हमेशा भरा रहता है। इसकी शिकायत उन्होंने स्थानीय पंचायत प्रशासन से लेकर अनुविभाग व ज़िला स्तर अफसरों व क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों तक से की है, लेकिन उनकी समस्या का समाधा नहीं हुआ। इससे व्यथित बुजुर्ग किसान ने अब आत्मदाह की चेतावनी दी है। बुजुर्ग किसान रामखेलावन शर्मा पिता स्व. मन्नूलाल शर्मा ने बताया कि वह गाँव के शासकीय बरसाती नाले से लगे परिवार की 4-5 एकड़ निजी जमीन पर धान, गेहूं व चना इत्यादि की सीजन में बुवाई करता है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिया को ग्राम पंचायत तेंदुभाठा के वर्तमान सरपँच पति सुप्रीत साहू ने व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए बांध दिया गया है, जिसके कारण उसके खेत पानी में डूब गए हैं। इससे फसल बर्बादी को लेकर मौका निरीक्षण भी कराया गया है। उन्होंने कहा कि शासन प्रशासन से शिकायत और समाधान के लिए कई साल से चक्कर काटने के बाद भी उन्हें न्याय नहीं मिला, इसलिए उसके सामने आत्मदाह के अलावा और कोई रास्ता नहीं है।

## भोरमदेव के लिए रवाना हुआ कांवरियों का जत्था...



**नवागढ़।** क्षेत्र के ग्राम मुरता, ढनढनी एवं नवागांव से शुक्रवार को युवा कांवड़ियों का जत्था भोरमदेव के लिए रवाना हुआ। रवाना होने से पूर्व कांवरियों के जत्थे ने सक्ति माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। उसके बाद बोल बम, जय बाबा भोरमदेव, हर हर महादेव, बोल बम का नारा है बाबा एक सहारा है, बाबा नगरिया दूर है, जाना जरूर है जैसे जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। इस दौरान भाजपा नेता मिंटू बिसेन ने कावरियों के जत्थे को रवाना किया।

# पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय के विज्ञान मॉडल को राज्य स्तर पर प्रथम पुरस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/देवकर



पीएम श्री स्वामी आत्मानन्द इंग्लिश मीडियम स्कूल देवकर की तीन छात्राओं का चयन रायपुर स्थित कलिंगा विश्वविद्यालय में 22 से 26 जुलाई के बीच आयोजित राज्य स्तरीय इंस्पायर ईन्टर्नशिप साइंस कैम्प के लिए हुआ। कैंप में विद्यालय की कक्षा 11 वीं की छात्राओं समीक्षा वर्मा, श्रध्दा अग्रवाल एवं जान्हवी साहू ने हाइड्रोपोनिक कृषि पद्धति का चलित मॉडल प्रदर्शित किया। इस आयोजन में उक्त मॉडल को राज्य में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। इन होनहार छात्राओं ने शाला एवं बेमेतरा जिला को गौरवान्वित किया। उनकी इस उपलब्धि के लिए प्राचार्य अनिल कुमार डहाले ने छात्राओं को सम्मानित कर उन्हें बधाई दी। वहीं, व्याख्याता ईश्वर साहू, योगेश प्रजापति, दात्री साहू, विनायक कर्ष, नीरज मरकाम, अक्षिता दुबे एवं अन्य शिक्षकों ने बच्चों को बधाई दी। छात्राओं ने रसायन शास्त्र व्याख्याता अंजु वर्मा एवं व्यायाम शिक्षक योगेश साहू को मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया।

## पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

# तांदुला जलाशय छलकने के करीब

## 34 फिट हुआ जलस्तर, 38 में होने लगेगा ओवरफ्लो

**बालोद।** जिले में लगातार अच्छी बारिश से जहां नदी नालों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है तो वहीं जिले के सबसे बड़ा तांदुला जलाशय ओव्हरफ्लो होने के लिए अग्रसर है। जलाशय का जल स्तर बढ़कर करीब 34 फिट तक पहुंच गया है। करीब एक सप्ताह तक ऐसी ही झमाझम बारिश होती रही तो जलस्तर 4 फिट और बढ़कर 38 फिट पहुंच जाएगा जो ओव्हरफ्लो होने के लिए काफी है। हालांकि ओव्हरफ्लो पहले ही हो जाता, जिलेवासियों को इतना इंतजार नहीं करना पड़ता, लेकिन वर्तमान में तांदुला से पानी छोड़ा गया है जिसके कारण ओव्हरफ्लो होने का इंतजार और करना पड़ेगा। वर्तमान स्थिति की बात करें तो तांदुला जलाशय में 77.83 प्रतिशत जलभराव हो चुका है, तीन दिनों के भीतर जलभराव 4 प्रतिशत बढ़ा है।



ISBM UNIVERSITY
KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY
In Collaboration with
INDIANA TECH
Admission open 2024-25
Apply Now
+91-91092-44444
+91-91093-33333
City Office : Next to Radiant Way School, GE Road Behind Pt. Ravishankar Shukla University, Amanaka, Raipur, Chhattisgarh-492010
Campus : Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh- 493996
Industry Integrated with Assured Job
MBA in Banking & Finance
Advanced Specialization Programmes
▶ Artificial Intelligence (AI),
▶ Machine Learning (ML),
▶ Full Stack Development,
▶ Internet of Things (IoT),
▶ Cyber Security,
▶ UI/UX,
▶ Digital Marketing,
▶ Data Science,
▶ Business Analytics,
PHARMACY
D-Pharma I B-Pharma I M-Pharma I Ph.D
LAW
LLB I LLM I BBA-LLB I BA-LLB I Ph.D I
MANAGEMENT
BBA I MBA I EMBA I DBA I PGDBA I Ph.D I
BBA (Industry Integrated) I
MBA (Industry Integrated)
DESIGN
Diploma I B.Sc (Hons) I M.Sc (Fashion, Interior)
INFORMATION & TECHNOLOGY
DCA I PGDCA I BCA I MCA I Ph.D I
BCA (Industry Integrated)
LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
B.lib I M.lib I Ph.D
ENGINEERING & TECHNOLOGY
Diploma I B.Tech I M.Tech I Ph.D
B.Tech (Industry Integrated)
SCIENCE
B.Sc I B.Sc (Hons) I M.Sc I Ph.D
COMMERCE
B.Com I M.Com I Ph.D I
B.Com (Industry Integrated)
JOURNALISM & MASS COM.
Diploma I BA (Hons) I MA I Ph.D (JMC)
ARTS & HUMANITIES
BSW I MSW I BA I BA (Hons) I MA I Ph.D
YOGA & NATUROPATHY
Diploma I BA (Hons) I B.Sc (Hons) I MA I Ph.D (Yoga/ Naturopathy)

# अवधि पूरी नहीं और जीपीसी ट्रेकर कंपनी बिस्तर समेटने की तैयारी में, बौराए निजी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग खबर

निजी स्कूलों द्वारा संचालित बसों तथा अन्य गाड़ियों में लगाए जाने वाले जीपीएस को लेकर संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। स्कूली बस में सवार छात्रों की सुरक्षा की दृष्टिकोण से इन वाहनों में जीपीएस लगाया जाना अनिवार्य है।

स्कूलों द्वारा उन्हीं कंपनियों का जीपीएस अपने वाहनों पर लगाया जा सकता है, जिन्हें परिवहन विभाग द्वारा पंजीकृत किया गया हो। पूर्व सरकार के शासनकान में जिन कंपनियों को पंजीकृत किया गया था, स्कूलों द्वारा उनका जीपीएस अपने वाहनों में लगाया गया था, उनमें से कई अब अपनी बैंक गारंटी वापस लेकर व्यवसाय बंद करना चाहती है। इस स्थिति में प्रदेशभर के निजी विद्यालयों को फिर से अपने वाहनों में जीपीएस लगाना होगा। इसके कारण निजी विद्यालयों को आर्थिक नुकसान उठाना होगा। स्कूलों के मुताबिक, इस स्कूलों के बैंक गारंटी वापस लेने से और अपना व्यवसाय बंद करने से उस कंपनी का जीपीएस शून्य हो जायेगा और यह उस कंपनी द्वारा वाहन संचालकों के साथ धोखाधड़ी है। जीपीएस शून्य होने पर नई कंपनी का जीपीएस लगवाना पड़ेगा जो कि वाहन स्वामी पर अतरिक्त भार है। इसलिए निजी स्कूलों द्वारा मांग की गई है कि जो कंपनी जीपीएस का व्यवसाय नहीं करना चाहती उसकी बैंक गारंटी को रोकें तथा उसे किसी अन्य कंपनी में पोर्ट किया जाए, ताकि स्कूलों को नुकसान ना हो।

- जिन कंपनियों को परिवहन विभाग लिस्टेड करती है, उनका ही ट्रेकर लगाना होता है अनिवार्य
- सरकार बदलने के साथ ही पुरानी कंपनियों को हटाने की तैयारी, कीमतों में भी वृद्धि




### सभी का था पंजीयन

निजी स्कूलों का कहना है कि उन्होंने अपने बसों एवं टैक्सी में जीपीएस लगाया गया है, चूंकि यह सारी कंपनी छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग से जीपीएस का व्यसाय करने के लिए पंजीकृत थी, इसलिए वाहन स्वामियों द्वारा छत्तीसगढ़ शासन पर भरोसा कर अपनी बसों पर यह जीपीएस लगवाया गया, लेकिन अब इनमें से कुछ कंपनी अपना व्यवसाय बंद करना चाहती है और छत्तीसगढ़ परिवहन से जो जमा की गई बैंक गारंटी है वह वापस लेना चाहती है।

### 5 वर्ष का अनुबंध

जीपीएस के लिए सामान्यतः पांच वर्षों का अनुबंध होता है। जो कंपनियां बंद होने वाली हैं, उनमें से किसी का एक वर्ष तो किसी के दो वर्ष ही सेवा के पूर्ण हुए हैं। ऐसे में शेष वर्षों का नुकसान भी उठाना होगा। सूत्रों के अनुसार, कई कंपनियों के पंजीकृत होने के कारण पांच वर्ष के जीपीएस की लागत 6 से 7 हजार रूपए ही आती है। लेकिन अन्य कंपनियों के बंद होने तथा एक-दो के हाथ में ही संचालन देने से प्रतियोगिता कम हो जाएगी और 13 से 14 हजार तक का भुगतान निजी स्कूलों को करना होगा।

## खबर संक्षेप



### विजय बक्षी सहकारी साख समिति के अध्यक्ष मनोनीत

**रायपुर।** एसबीआई कर्मचारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल वृत्त के पदाधिकारियों का मनोनयन हुआ। जिसमें विजय बक्षी अध्यक्ष, प्रवीण मेघानी सचिव एवं पंकज ठाकुर व कमल जोशी उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत हुए।साख समिति भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों हेतु सन 1977 से कार्यशील है। इसका कार्यक्षेत्र मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ का है। शनिवार को आंचलिक कार्यालय बैरन बाजार में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया है।


### पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती पर किया नमन



**रायपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण समाज रायपुर द्वारा शुक्रवार को आशीर्वाद भवन बैरन बाजार में अविभाजित मध्यप्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री पं. रविशंकर शुक्ल की जयंती मनाई गई। सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भवन में स्थापित पं. शुक्ल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण एवं नमन किया। इसके पश्चात पं. शुक्ल की जीवनी एवं कार्यों पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष पं. अरुण शुक्ल, उपाध्यक्ष निशा अवस्थी, सहसचिव रज्जन अग्निहोत्री, सहसचिव गौरव शुक्ल, अर्चना त्रिवेदी, प्रकाश अवस्थी, आरके दीक्षित, साजेंद्र पाण्डेय, देवेंद्र पाठक (गुड्डु), विजय शुक्ल, इंद्रकुमार तिवारी, शिरीष त्रिवेदी, विमल शुक्ल, समीर मिश्र, एसएस त्रिवेदी, रविंद्र शुक्ल, शशांक त्रिवेदी, शाहिबा खान आदि उपस्थित रहे।

### अब 16 अगस्त तक हो सकेगा फसल बीमा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के ऋणी और



अऋणी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। छत्तीसगढ़ सरकार के प्रस्ताव पर केन्द्र सरकार ने फसल बीमा कराए जाने की अंतिम तिथि 31 जुलाई को बढ़ाकर अब 16 अगस्त कर दिया है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं कृषि मंत्री राम विचार नेताम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को प्रधानमंत्री फसल बीमा एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों के बीमा योजना का लाभ दिलाने के लिए राज्य के ऋणी एवं अऋणी किसानों को मार्गदर्शन देने तथा उनका पंजीयन कराने को कहा है, ताकि प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान होने पर उन्हें क्षतिपूर्ति मिल सके।

### बैज बोले- प्रदेश में उर्वरकों का संकट

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य में मानसून की भारी बारिश के बाद पूरे प्रदेश में रोपा, बियासी का काम जोरों पर है, लेकिन सरकार की लापरवाही के कारण किसान उर्वरकों के लिए परेशान हो रहे हैं। भाजपा का डीएनए किसान विरोधी है। वह जब-जब सरकार में रहती है किसान को परेशान करने की नीयत से फैसले लेती है। भारतीय जनता पार्टी सरकार की अकर्मण्यता और संवेदनहीनता के चलते छत्तीसगढ़ के किसान खाद और बीच के लिए भटक रहे हैं। खरीफ सीजन 2024-25 के लिए जो खाद और बीज डबल लॉक के गोदामों में रखे गए हैं, वहां से सिंगल लॉक की सोसाइटियों तक पहुंचाने के लिए परिवहन की व्यवस्था नहीं है।

## डीकेएस में मरीजों को पेइंग वार्ड की सुविधा देने 16 करोड़ के प्रोजेक्ट का ऐसा हाल

# छात्रों-चिकित्सकों के लिए हॉस्टल बनाने 50% भी नहीं मिला फंड, दो साल से अटकी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

खास खबर

शहर के सुपर स्पेशयालिटी अस्पताल डीकेएस में पढ़ने वाले एमसीएच छात्रों ही नहीं, इन्हें पढ़ाने वाले चिकित्सा प्रोफेसर्स को भी हॉस्टल की नई सुविधा देने की मुहिम 50 फीसदी भी फंड नहीं मिलने से रुकी हुई है। इस प्रोजेक्ट के फंसने से अस्पताल में दूर-दराज से इलाज कराने आने वाले मरीजों और उनके परिजनों को भी पेइंग वार्ड की सुविधा के लिए अभी इंतजार करना होगा, क्योंकि दो साल पहले बनाए गए 16 करोड़ के प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अभी सिर्फ एक करोड़ की मंजूरी मिली है।

राजधानी में सुपर स्पेशयालिटी डीकेएस में एमसीएच कोर्स करने वाले 18 छात्रों को अस्पताल परिसर में आवास की सुविधा देने को लेकर विगत दो साल से जारी प्रयास अब पर्याप्त फंड नहीं मिलने से फंसने वाला है। सूत्रों के मुताबिक करीब सालभर पहले आठ मंजिला हॉस्टल बनाने के लिए शासन को करीब 16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इस प्रोजेक्ट को शुरू करने के लिए अप्रैल में शासन ने पहले बजट में छात्रों व 24 प्रोफेसर्स के लिए हॉस्टल बनाने के लिए हरी झंडी दिखाते हुए काम शुरू करने के लिए एक करोड़ की मंजूरी दी। हॉस्टल बनाने की कवायद छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड (सीजीएमएससीएल) ने अभी तक इसलिए भी शुरू नहीं की है, क्योंकि 50 फीसदी भी बजट नहीं मिला है।



### जगह तय, नहीं शुरू हुआ काम

हॉस्टल बनाने के लिए प्रबंधन ने अस्पताल के पास राज्य मानवाधिकार आयोग के अपोजिट साइड स्थित गार्डन की जमीन को तय किया है।इसे बनाने के लिए शुरू की गई तैयारी फंड के अभाव में एक बार फिर ठंडे बस्ते में चली गई है। अस्पताल परिसर में ही रहने की सुविधा देने के लिए अभी एमसीएच छात्रों और चिकित्सा प्रोफेसर्स को डीकेएस के ही ऊपरी माले पर रहने की सुविधा प्रबंधन को देनी पड़ रही है।इसके चलते सुपर स्पेशयालिटी में पेइंग वार्ड की सुविधा का अभाव बना हुआ है। इसकी बेहतरी के लिए की गई कवायद भी फाइलों में है।

### पर्याप्त फंड नहीं होने से रुका...

छात्रों व चिकित्सा प्रोफसर्स के लिए हॉस्टल बनाने के लिए दो साल पहले करीब 16 करोड़ का प्रस्ताव भेजा गया था। इसके लिए अप्रैल में सिर्फ एक करोड़ की मंजूरी मिली है। पर्याप्त फंड नहीं होने से काम शुरू नहीं हुआ है।

- डा. हेमंत शर्मा, उप अधीक्षक, डीकेएस, रायपुर

### इन सुविधाओं का प्रावधान

प्रोजेक्ट में छात्रों व चिकित्सा प्रोफेसर्स को एक ही बिल्डिंग में रहने की सुविधा देने का प्रावधान है। इसमें छात्रों के लिए 30 से ज्यादा कमरों में लेट-बॉथ अटैच मिलेगा। इसमें ही किचन की सुविधा होगी। हॉस्टल में सभी छात्रों को अलग-अलग कमरे मिलेंगे। इससे वे पढ़ाई के साथ अस्पताल में जरूरत के अनुरूप सेवा दे सकेंगे। मौके पर ही 24 से ज्यादा प्रोफेसर्स का आवास होने से वे फैमिली के साथ रह सकेंगे। छात्रों को इससे पढ़ाई के लिए तालमेल बनाने में आसानी होगी। अभी इन छात्रों को अस्पताल के ऊपरी माले पर रहने की सुविधा प्रबंधन दे रहा है।

### दूरदराज से आने वालों को...

सूत्रों ने बताया कि अस्पताल के करीब 48 कमरे खाली होने से इनका उपयोग दूर-दराज से गंभीर बीमारी का इलाज कराने के लिए आने वालों और उनके परिजनों को दोहरी सुविधा मिलती। अभी आर्थिक रुप से सक्षम लोगों को किराए का कमरा लेकर इलाज के लिए बार-बार आना-जाना पड़ता है। पेइंग वार्ड की सुविधा मिलने से मरीज के साथ रहने वाले अटेंडर भी उनकी देखभाल कर सकते हैं। अभी एक मरीज के साथ दो से तीन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। इससे इलाज के अलावा रहने व परिवहन का खर्च भी बढ़ता है।

# तेलीबांधा शूटआउट मामले में पुलिस ने की आठवीं गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर




- आरोपी को पुलिस हरियाणा सिरसा से गिरफ्तार कर ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लेकर आई
- गिरफ्तार आरोपी पर शूट करने पिस्टल उपलब्ध कराने का आरोप

तेलीबांधा थाना क्षेत्र में पिछले माह हुए कारोबारी ग्रुप के कार्यालय के बाहर कार में फायरिंग मामले में पुलिस घटना में शामिल आठवें आरोपी को ट्रांजिट रिमांड पर रायपुर लाई है। आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश कर जेल दाखिल करा दिया है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ पुलिस ने हत्या की कोशिश तथा आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक शूट आउट मामले में हरियाणा, सिरसा निवासी जसवंत सिंह उर्फ बग्गू को गिरफ्तार किया गया है। जसवंत पर आरोप है कि उसने शूट आउट की घटना में शामिल बदमाशों को पिस्टल उपलब्ध कराया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से घटना में इस्तेमाल पिस्टल जब्त की है। गौरतलब है कि शूट आउट मामले में शामिल एक अन्य बदमाश विक्रम को झारखंड पुलिस ने अपने यहां के एक अन्य मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस विक्रम से पूछताछ करने प्रोटेक्शन वारंट पर रायपुर लाने की बात कह रही है।विक्रम का अब तक पुलिस ने प्रोटेक्शन वारंट हासिल नहीं किया है। विक्रम को लेकर रायपुर पुलिस झारखंड पुलिस के संपर्क में है। साथ ही उसके अपराध के बारे में झारखंड पुलिस से जानकारी हासिल कर रही है।

### घटना के बाद शूटरों ने पिस्टल लौटाई

पुलिस के अनुसार शूटआउट की घटना को अंजाम देने के बाद बदमाश वापस हरियाणा पहुंचे और शूटआउट में इस्तेमाल पिस्टल जसवंत को लौटा दी थी। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पिस्टल उपलब्ध कराने के एवज में अमन साव गैंग के बदमाशों ने जसवंत के अकाउंट में पैसे ट्रांसफर भी किए हैं। जसवंत के अकाउंट में कितनी रकम ट्रांसफर की गई है, इस बात की जानकारी फिलहाल नहीं मिल पाई है।

# जेल से छूटे हिस्ट्रीशीटर ने राह चलते लोगों पर ब्लेड से किया हमला



- अरिहंत हाईट्स सोसाइटी के आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन
- एक गंभीर रूप से घायल, आरोपी को पुलिस ने लिया हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में क्षेत्र के हिस्ट्रीशीटर बदमाश ने जेल से छूटने के बाद तीन से चार लोगों पर ब्लेड से हमला किया। ब्लेड के हमले से एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया है, जिसका एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना के बाद रहवासियों ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घायल की एमएलसी रिपोर्ट आने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

पुलिस के मुताबिक ब्लेड से हमला करने के आरोप में छोटू उर्फ वासू निषाद को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। पुलिस के अनुसार छोटू ने अरिहंत हाईट्स भैरव सोसाइटी में रहने वाले अनिमेष मंडल सहित कई अन्य पर ब्लेड से हमला किया है। जिन अन्य लोगों पर छोटू ने ब्लेड से हमला किया है, वो शिकायत दर्ज कराने थाना नहीं पहुंचे हैं। उन्हें मामूली चोटें आई हैं। बताया जा रहा है, अनिमेष पैदल जा रहा था, इस दौरान छोटू बाइक से आकर उस पर तथा अन्य पर ब्लेड से हमला कर मौके से फरार हो गया।

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक अनिमेष के साथ पुराना विवाद होने की वजह से छोटू ने उस पर ब्लेड से हमला किया है। छोटू पांच दिन पूर्व एनडीपीएस एक्ट के एक मामला में जेल से जमानत पर छूटा है।

# छत्तीसगढ़ नगर में बनेगा गार्डन सीसी रोड, कैमरे भी लगेंगे



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर के शहीद पंकज विक्रम वार्ड अंतर्गत छत्तीसगढ़ नगर स्थित आंबेडकर चौक में गार्डन का निर्माण होने जा रहा है।

यह गार्डन हरा-भरा के साथ सुविधाजनक होगा। इसमें छायादार पौधों के साथ लोगों की एक्सरसाइज के लिये ओपन जिम स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा लोगों के बैठने के लिए सीमेंट की चेयर, पैदल चलने के लिए चारो तरफ पेवर ब्लॉक व गार्डन के बाहर सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। साथ ही लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से गार्डन में सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे।

### 19 लाख की लागत से बनेगा गार्डन

वार्ड पार्षद निशा देवेंद्र यादव ने बताया कि गार्डन निर्माण के लिए 19 लाख रुपए की राशि स्वीकृत है। इसके अलावा सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए स्वीकृत किया गया है। इन दोनों निर्माण के लिए शुक्रवार को भूमिपूजन किया है। उन्होंने बताया कि पिछले कार्यकाल में वार्ड के टैगोर नगर क्षेत्र में चार नया गार्डन बनाया गया था, वहीं धरम नगर बस्ती में एक गार्डन बनाया गया था। इसके बाद छत्तीसगढ़ नगर में लोगों की मांग पर गार्डन बनाया जा रहा है। इस गार्डन के बनने से क्षेत्र के लोगों को काफी फायदा मिलेगा। गार्डन में रोज सुबह-शाम लोग ताजी हवा और वॉक करने के साथ एक्सरसाइज भी कर सकेंगे।

# लावारिस शव का किन्नर बने सहारा, किया अंतिम संस्कार

- महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अज्ञात एवं लावारिस शवों को मुक्ति दिलाने के लिए अब किन्नर सहारा बन रहे हैं। सेवा समिति सुराज जनकल्याण सोसाइटी से जुड़े किन्नरों ने शुक्रवार को लावारिस महिला के शव को मुखाग्नि देकर उसका अंतिम संस्कार किया।

शव का अंतिम संस्कार देवेंद्र नगर मुक्तिधाम में पुलिस की मौजूदगी में किया गया। बताया गया कि शव एक बुजुर्ग महिला अहिल्या बाई भारती का था, जिसका पिछले कई दिनों से आंबेडकर अस्पताल में इलाज चल रहा था। महिला का कोई परिजन या रिश्तेदार सामने नहीं आया, इसलिए मृत्यु के बाद शव को मरच्यूरी में रखा गया था। दो दिन तक मरच्यूरी में रखने के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

### पुलिस से मिली समिति को सूचना

वृद्धा का शव मरच्यूरी में पिछले दो दिन से पड़ा हुआ था। सिविल लाइंस पुलिस ने इसकी सूचना सुराज समिति को दी, जिसके बाद समिति से जुड़े करीब 7-8 किन्नरों ने मिलकर शव का अंतिम संस्कार किया। समिति के अध्यक्ष प्रीतम सभापति महानंद ने बताया कि समिति का गठन समाज की सेवा के रूप में किया गया है। समिति में पदाधिकारी, कार्यकारिणी सहित 50 सदस्य हैं। इसमें ज्यादातर किन्नर हैं। समिति अज्ञात एवं लावारिस शव से लेकर जानवरों तक का अंतिम संस्कार कर चुकी है। कोविडकाल से लेकर समिति 9 अज्ञात व लावारिस शवों का अंतिम संस्कार कर चुकी है। यह 10वां अंतिम संस्कार है।





### खुद के खर्च पर अंतिम संस्कार

समिति के कार्यकारिणी सदस्य सूरज यादव ने बताया कि ऐसे शवों का पुलिस की मौजूदगी में ही अंतिम संस्कार किया जाता है। इस दौरान जो भी खर्च होता है, वह समिति वहन करती है। इसके लिए समिति के सदस्यों के अलावा कई दानदाता भी आगे आते हैं, जो अंतिम संस्कार में खर्च होने वाली राशि में भागीदारी निभाकर पुण्य कमाते हैं।

### बेघर परिवारों को आवास दिलाने का भी प्रयास

समिति के लोगों ने बताया कि समिति बेघर गरीब परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने का भी प्रयास करती है। इसके तहत अब तक दो परिवारों को आवास योजना अंतर्गत फ्लैट दिलाया गया है। उनका कहना है कि समिति का मुख्य उद्देश्य बेसहारा व लावारिस लोगों की मदद करना है, चाहे वह जीवित हो या मृत्यु हो चुकी हो।

# देश के 60 अस्पतालों में सरकारी कर्मचारी करा सकेंगे इलाज

- फेडरेशन ने स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के सरकारी कर्मचारी अब देश के नामी 60 अस्पतालों में अपना और अपने परिवार का इलाज करा सकेंगे। राज्य सरकार ने कर्मचारियों के इलाज के लिए राज्य के बाहर के अस्पतालों की लिस्ट जारी की है।

बताया गया है कि पहली बार राज्य के बाहर के इतनी ज्यादा संख्या में अस्पतालों को सूचीबद्ध किया गया है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा इसे लेकर काफी दिनों से प्रयासरत थे। राज्य सरकार ने जो सूची जारी की है, उसमें 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक इन अस्पतालों में इलाज कराने की मान्यता राज्य सरकार की तरफ से दी गयी है।

### गंगाराम दिल्ली, वेल्लोर, मेदांता, मैक्स अस्पताल शामिल




स्वास्थ्य विभाग की तरफ से कर्मचारियों और उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार के लिए राज्य के बाहर के कुल 60 अस्पतालों की लिस्ट जारी की है। दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल, सीएमसी वेल्लोर सहित मेदांता, मैक्स जैसे बड़े अस्पतालों के भी नाम सूची में हैं। कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने 20 मई को स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र लिखा था। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं से अवगत कराते हुए लिखा था कि मान्यता प्राप्त अस्पतालों की जो पिछली सूची 7 मार्च 2024 को जारी की गयी थी, उसमें 103 प्राइवेट अस्पताल में से बाहर के अस्पतालों की संख्या सिर्फ तीन थी। कमल वर्मा ने स्वास्थ्य मंत्री को लिखे पत्र में कहा था कि राज्य के बाहर के अस्पतालों को मान्यता नहीं दिये जाने से बाहर के अस्पतालों में इलाजरत कर्मचारियों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ेगा। कमल वर्मा की तरफ से सर गंगाराम अस्पताल,मेदांता, जसलोक, सीएमसी वेल्लोर, शंकर नेत्रालय, अपोलो चेन्नई, एस्कार्ट्स, लीलावती, बांबे हास्पीटल, नानावटी जैसे अस्पतालों की सूची भी दी थी।

# पूर्व विधायक के निधन की सूचना विधानसभा को नहीं, अब कलेक्टरों को सरकार ने चेताया

- सामान्य प्रशासन ने कलेक्टरों को भेजा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हाल में हुए विधानसभा के मानसून सत्र के दौरान एक पूर्व विधायक की मृत्यु की जानकारी समय पर विधानसभा सचिवालय को नहीं दी गई थी। इस मामले में विधानसभाध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने नाराजगी दिखाई थी।

इस मामले को लेकर अब राज्य सरकार के सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश के सभी कलेक्टरों को निर्देश दिया है कि भविष्य में राज्य के पूर्व, वर्तमान सांसदों तथा विधायकों एवं अविभाजित मध्यप्रदेश विधानसभा के छत्तीसगढ़ राज्य से संबंधित भूतपूर्व सदस्यों के निधन होने की स्थिति में उसकी सूचना निर्धारित प्रपत्र पर उनसे जीवन परिचय सहित अविलंब पत्र, फैक्स एवं दूरभाष के माध्यम से यथास्थिति लोक सभा, राज्य सभा, विधानसभा सचिवालय को भेजी जाये तथा उसकी प्रतिलिपि सामान्य प्रशासन विभाग को भी अनिवार्य रूप से भेजी जाए।

## कहा- कलेक्टर कार्यालय नहीं रखते हैं ध्यान

### याद दिलाया 20 साल पुराना निर्देश

सरकार ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के सभी कलेक्टरों को याद दिलाया है कि अब से पहले 2005 से लेकर 2017 तक सात बार ये निर्देश जारी किए गए हैं कि लोकसभा, राज्यसभा के सदस्यों, विधायकों पूर्व एव वर्तमान के निधन की सूचना बिना देर किए विधानसभा सचिवालय को दी जानी है। इसी क्रम में एक और ताजा निर्देश भी जारी किया गया है।




### भविष्य में न हो देर

सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी निर्देश में कहा गया है कि अभी हाल ही में विषयांन्तर्गत सूचनायें कतिपय जिलों से समय पर विधान सभा सचिवालय को प्राप्त नहीं हुई है। इससे ऐसा प्रतीत होता है कि इस हेतु कहीं-कहीं प्रभावी व्यवस्था का अभाव है, यह स्थिति उचित नहीं है। इसलिए भविष्य में इस प्रकार की सूचना दिये जाने में विलंब न हो। साथ ही यह भी देखा गया है कि उपरोक्त सूचना दिये जाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा प्रेषण प्रणाली का ध्यान नहीं रखा जाता है। इस प्रकार की त्रुटियों होने से निधन संबंधी सूचना, जानकारी निर्धारित समयावधि में गंतव्य कार्यालयों को ना मिल पाने से गरिमामयी कार्यप्रणाली प्रभावित होती है।

## खबर संक्षेप



### नो पार्किंग में खड़े वाहन का कटा चालान

**भिलाई।** नेशनल हाइवे, केनाल और ब्रिज के नीचे खडे भारी वाहनों का ऑनलाइन चालान काटा गया। इसके अलावा सूर्या माल क्षेत्र में खड़ी दो पहिया वाहन को क्रेन से उठा कर मुख्यालय नेहरु नगर चौक लाया गया। इस तरह के वाहनों का 7 माह में 2 हजार 998 वाहन चालकों पर मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि नो पार्किंग में खडे वाहनों पर कार्रवाई की गई है। जिन वाहनो के चालक परिचालक उपस्थित नहीं थे। उन्हें ऑनलाईन चालान मोबाईल पर भेजा गया है। इसके अलावा राजेन्द्र पार्क चौक से ग्रीन चौक तक नो पार्किंग मे खड़े वाहनों पर लाक लगाया गया। चार पहिया वाहनों में भी लॉक लगाया गया। जो वाहन चालक चालान भुगतान करने आए उन्हें भविष्य के लिए समझाइए भी दी गई।

### किसान अब 16 अगस्त तक करा सकेंगे बीमा

**भिलाई।** ऋणी और अऋणी किसान अब 16 अगस्त तक खरीफ कृषि फसल एवं मौसम आधारित उद्यानिकी फसलों का बीमा करा सकेंगे। पहले यह तारीख 31 जुलाई तय थी। इसमें शासन के निर्देश पर बढ़ोतरी की गई है। प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान से किसानों को राहत दिलाने के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुनर्गठित मौसम आधारित उद्यानिकी फसल बीमा योजना संचालित की जा रही है। किसान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत धान सिंचित, असिंचित, सोयाबीन, मूंगफली, मक्का, मूंग, उड़द, कोदो-कुटकी, रागी फसल का बीमा करा सकते हैं। इसके लिए किसान अपना आधार कार्ड, ऋण पुस्तिका, बी-1 पॉचशाला खसरा, बैंक पासबुक की छायाप्रति एवं बोनी प्रमाण पत्र के साथ पंजीयन कराना होगा। दुर्ग जिले के लिए एचडीएफसी जनरल इंश्योरेंस कम्पनी लिमिटेड को बीमा हेतु अधिकृत किया गया है। किसान च्वाइस सेंटर में भी जानकारी ले सकते हैं।

### इंवेस्ट करने के नाम पर अमानत में खयानत

**भिलाई।** आठ साल पहले सीएम सड़क योजना के ठेकेदार पर रकम इंवेस्ट करने के नाम पर अमानत में खयानत करने का आरोप लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406 के तहत जुर्म दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि वसुंधरा नगर भिलाई तीन निवासी चंद्रिका सिंह यादव ने इंवेस्ट के नाम पर सेक्टर 6 निवासी बसंत साहू को रकम 17 लाख दिया था। पीड़ित से इंवेस्ट के नाम पर रुपए बसंत ने लिया था। बसंत साहू के द्वारा रुपए वापस न करते हुए दूसरे जगह लगाने का झांसा देकर टरका दिया करता था। बसंत साहू से पीड़ित को सालों से जान पहचान है। बसंत साहू सडक निर्माण ठेकेदारी का काम करता है। पीड़ित को झांसे में लेकर बसंत ने मुख्यमंत्री सडक निर्माण जिला मुंगेली में काम मिलने की बात कही थी। पीड़ित को रुपए को इंवेस्ट करने को कहा मना करने बाद भी बसंत ने रुपए लौटाने का भरोसा देकर रुपए लिया। पहले 5-5 लाख रूपये नगद दिया। इसके बाद 7 लाख रूपये बसंत के मांगने पर उक्त रकम दिया। रुपए वापस के लिए पीड़ित कई बार बसंत के घर का चक्कर काटता रहा लेकिन आरोपी लगातार टाल मटोल करता रहा।

### दुर्ग संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

पाटन। खंडशिक्षा अधिकारी पाटन के संयोजन व सहसंयोजक डीआरएस स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पाटन के तत्वावधान में इंडोर स्टेडियम पाटन में दुर्ग संभाग के सातों जिले दुर्ग, राजनांदगांव, मानपुर मोहला, खैरागढ़, कबीरधाम, बेमेतरा एवं बालोद जिले के 170 खिलाड़ियों ने शिरकत किया।

**बैठक :** भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की बैठक में नेताओं ने भरा जोश

# गांव-गांव में विकास के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में हो भाजपा का कब्जा

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

भारतीय जनता पार्टी मंडल गुण्डरदेही की विस्तृत बैठक शनिवार को सामुदायिक भवन गुण्डरदेही में रखी गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित हुए। बैठक में शामिल जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने नगर पंचायत सरपंच जनपद व जिला पंचायत की चुनाव की रणनीति सहित अन्य विषय पर बात रखी, उन्होंने कहा कि विधानसभा लोकसभा चुनाव के बाद अब आने वाले समय मे त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है और यह चुनाव बहुत महत्वपूर्ण है, इस चुनाव मे हम सब मिलकर क्षेत्र में भाजपा के सरपंच, जनपद, जिला पंचायत व नगर पंचायत मे अपना कब्जा जमाना है ताकि गांव गांव व नगर मे विकास तेजी से हो सके। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार की उपलब्धि व आगामी कार्य योजना को भी बताया। कार्यक्रम में ठाकुरराम चन्द्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, राकेश यादव, रानु हेमंत सोनकर, मोहन जैन, दुष्यन्त कुमार सोनवानी, प्रमोद जैन, अश्वनी यादव, इन्द्रपाल चन्द्राकर, टीकाराम निषाद, हरीश निषाद, हेमंत साहू, सौरभ जैन, थानसिंह मंडावी, तेजराम साहू, कोमल सोनकर, विजय सोनकर, मयंक अग्रवाल, थानमल जैन, नविता साहू, कांति सोनेश्वरी, चेतन साहू सहित मंडल के पदाधिकारी शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक बुथ अध्यक्ष व बड़ संख्य मे महिला पदाधिकारी उपस्थित थे।



**पार्टी प्रत्याशी के खिलाफ कोई कार्यकर्ता न लड़े चुनाव : पवार**

पूर्व जिलाध्यक्ष कृष्णकांत पवार ने कहा कि पंचायती राज चुनाव मे भाजपा के एक भी प्रत्याशी ना हारे पूरे विधानसभा में पंचायती राज चुनाव में भाजपा का परचम लहराएं कार्यकर्ता एकजुटता के साथ कार्य करें एक भी कार्यकर्ता प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव न लड़े। कार्यक्रम को प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर महामंत्री चेमन देशमुख व अन्य पदाधिकारियों ने भी संबोधित किया।

# रेलवे में नौकरी लगाने का झांसा देकर लाखों की ठगी मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी के मुख्य आरोपी उत्तम चंद खाण्डेकर को बालोद पुलिस ने गोंदिया(महाराष्ट्र) से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि आरोपी ने 19,55,000 रूपये लेकर रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी की थी।



पुलिस ने बताया कि आरोपी पूर्व में भी ठगी के प्रकरण में जेल जा चुका है। आरोपी उत्तम चंद खाण्डेकर व उसके साथी के विरूद्ध बालोद जिले में 3 प्रकरण दर्ज हैं।

- इस मामले में बालोद पुलिस पहले ही दो आरोपियों को कर चुकी है गिरफ्तार

थाना बालोद के ठगी के प्रकरण में प्र.आर. भगवान सिंह धुव्र एवं हरीशचंद्र सिन्हा के नेतृत्व में 02 विशेष टीम बनाकर पूर्व से फरार आरोपी उत्तमचंद खाण्डेकर को गिरफ्तार करने के लिए जिला गोंदिया एवं नागपुर टीम भेजी गई थी, जहां से उसे पकड़कर थाना बालोद लाया गया।

पहले प्रकरण में रेलवे कालोनी बालोद निवासी प्रार्थी घनश्याम ढीमर ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि डुलेश कुमार साहू रेलवे विभाग में स्टेशन मास्टर के पद पर नौकरी लगाने का प्रलोभन दिया। उसके बाद आरोपी अपने मित्र उत्तम खाण्डेकर, अंकुष मिश्रा से परिचय कराया। उत्तम खाण्डेकर, अंकुष मिश्रा ने रेलवे विभाग का उच्च अधिकारी होना बताया। उसके बाद नौकरी लगाने के लिए 11,08,000 रुपए ले लिए, लेकिन अभी तक नौकरी नहीं लगवाई और न ही पैसा वापस किया है। मामले में धोखाधड़ी करना पाये जाने से थाना बालोद में धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

दूसरे प्रकरण में ग्राम खेरथाडीह प्रार्थी धर्मेन्द्र साहू ने आरोपी डुलेश कुमार साहू पर रेलवे विभाग में टिकट कलेक्टर की नौकरी लगाने के लिए 8,45,000 रुपये लेने तथा नौकरी नहीं लगाने की शिकायत दर्ज कराई थी। मामले में थाना बालोद में धारा 420, 34 भादवि का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

इसी तरह तीसरे प्रकरण में थाना गुरूर में धारा 420, 467, 468, 34 भादवि में प्रार्थी हरीओम साहू ग्राम दुपचेरा एवं अक्षय कुमार साहू ग्राम खुदनी थाना गुरूर जिला बालोद को रेलवे में नौकरी लगाने के पर 24,00,000 रूपये की ठगी की गई।

मामले में पूर्व में गिरफ्तार आरोपी ग्राम भोथली थाना सनौद डुलेश कुमार साहू 46 साल, भगवान नगर अंजनी नागपुर (महाराष्ट्र) निवासी अंकुश मिश्रा को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले में अब कुल तीन आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं।

# आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने धान के साथ अन्य फसलों पर भी दें ध्यान

**कलेक्टर ने कृषि सहित विभिन्न विभागों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

कलेक्टर ने जिला पंचायत स्थित सभाकक्ष में कृषि, पशुधन विकास, मत्स्य एवं उद्यानिकी विभाग की संयुक्त बैठक ली। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी, विशेषज्ञ और किसान प्रतिनिधि उपस्थित थे। कलेक्टर ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिले में कृषि और पशुधन विकास की प्रगति की समीक्षा की। श्री शर्मा ने कहा कि शासन की योजना के क्रियान्वयन के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करें। उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को हितग्राही मूलक योजनाओं से अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने खरीफ सीजन में बीज और उर्वरक के वितरण के लिए पुख्ता व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जैविक खेती को बढ़ावा देने, दलहन-तिलहन खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में सभी किसानों ई-केवाईसी करने, केसीसी पंजीयन, फसल बीमा पंजीयन के संबंध में विस्तार से जानकारी ली। कलेक्टर श्री शर्मा ने प्रत्येक विकासखण्ड में उद्यान विभाग पोषण बाड़ी की जानकारी ली। इसके साथ ही मौसमी बीमारियों को ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई और गोवंश, पशुओं के बेहतर रखरखाव के लिए पशुपालकों को जागरूक करने तथा मोबाइल यूनिट के माध्यम से गांवों तक पहुंचकर पशुपालकों को लाभ देने को कहा।



### समस्या का समाधान पहली प्राथमिकता : ललित


**भिलाई।** दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर में अपने निवास स्थान में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से लोगों की समस्याएं सुनकर निराकरण कर रहे हैं। प्रतिदिन क्षेत्र की जनता अपनी-अपनी समस्या को लेकर आते हैं उनकी समस्याओं के आधार पर विधायक द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देषित कर निराकरण किया जाता है।

# डाइट बेमेतरा में पांच दिवसीय स्पोकन इंग्लिश कार्यशाला का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बेमेतरा में जिले के प्राथमिक शाला में अध्यापन कराने वाले शिक्षकों का स्पोकन इंग्लिश विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण का सफलतापूर्वक समापन हो गया। समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डाइट के प्राचार्य जेके घृतलहरे थे। उन्होंने अंग्रेजी प्रशिक्षण व कार्यशाला की महत्ता बताते हुये विधिवत प्रशिक्षण लेकर शालाओं में क्रियान्वित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि जो भी आप इस प्रशिक्षण में सीखे हैं आपके विद्यालय में उसका असर दिखना चाहिए। अंग्रेजी प्रशिक्षण प्रभारी श्रद्धा तिवारी थीं, जिनके मार्गदर्शन में मास्टर ट्रेनर्स के रूप में धर्मेंद्र शर्मा, पुष्कर भोंसले तथा श्रेया दुबे रिसोर्स परसन अजीम प्रेमजी फाउंडेशन ने बहुत ही प्रभावी गतिविधियों के साथ प्रशिक्षण दिया और शिक्षक-शिक्षिकाओं के सभी तरह विभिन्न प्रश्नों का समाधान किया गया। इस प्रशिक्षण और कार्यशाला में बेमेतरा विकासखंड से 65 शिक्षक/शिक्षिकाओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम का संचालन तथा आभार प्रदर्शन डाइट की व्याख्याता और प्रशिक्षण प्रभारी श्रद्धा तिवारी ने किया। समापन अवसर पर मास्टर ट्रेनर्स धर्मेंद्र शर्मा, पुष्कर भोंसले तथा अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से श्रेया दुबे सहित सभी प्रतिभागियों को सुंदर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डाइट की वरिष्ठ व्याख्याता उषा किरण पाण्डेय, जीएल खुटियारे, थलज कुमार साहू, कीर्ति घृतलहरे, राजकुमार वर्मा, अमिंदर भारती, पूनम पाण्डेय सहित सभी अकादमिक व कार्यालयीन सदस्य उपस्थित रहे।



# स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में मनाई गई हरेली



हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

नगर सहित आसपास के विद्यालयों में उत्साह के साथ हरेली पर्व मनाया गया। स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में हरेली त्यौहार के पूर्व हरेली उत्सव का आयोजन किया गया।इस दौरान परंपरा अनुसार कृषि संबंधी औजारों एवं गेड़ी की पूजा की गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों को हरेली त्योहार के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों में अपनी परंपरा व संस्कृति को लेकर विशेष उत्साह बना रहा।

# पार्षद से मारपीट मामले में विधायक संगीता का बयान हास्यास्पद : भाजपा

**गुरूर।** भाजपा नेताओं ने 12 जुलाई को गुरुर में हुई घटना को लेकर 01 अगस्त को क्षेत्रीय विधायक संगीता सिन्हा द्वारा ली गई प्रेस वार्ता को हास्यास्पद बताया है। भाजपा नेताओं ने कहा कि अवैध व्यावसायिक निर्माण को प्रशासन द्वारा तोड़ा गया, जिसे बलपूर्वक रोकने का प्रयास किया गया। वहीं, नहीं रुकने पर पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा व विधायक संगीता सिन्हा ने व्यापारियों को उकसाया। उसके बाद महिलाओं ने पार्षद कुंती सिन्हा के घर में प्रवेश कर उसे खींचते हुए बाहर सड़क पर लाकर धकेल दिया। लेकिन, ऐसे कृत्य को विधायक संगीता अपनी ही साड़ी में फंस कर गिरना बता रही हैं, जबकि यह फुटेज में स्पष्ट दिख रहा है कि साड़ी में फंस कर गिरीं या उन्हें धकेला गया। भाजपा नेताओं ने यह भी कहा कि इतने पर भी जी नहीं भरा

- भाजपा नेताओं ने विधायक के बयान की निंदा की

तो विधायक संगीता सिन्हा ने 30 जुलाई को अपने समर्थकों के साथ थाना गुरुर में कुंती सिन्हा (पार्षद) व उनके दामाद अनुराग जैन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करने 5 घंटे थाना में बैठ कर दबाव बना कर झूठी एफआईआर प्रेरणा साहू के नाम से दर्ज करवा दी। भाजपा नेताओं ने कहा कि झूठी एफआईआर दर्ज होने के बाद प्रेरणा साहू को को आत्मग्लानि हुई और उन्होंने 31 जुलाई को थाने में और न्यायालय बालोद में अपनी झूठी रिपोर्ट के खात्मे के लिए बंद लिफाफे में अपना बयान दर्ज करवाकर केस वापस ले लिया। भाजपा नेताओं ने कहा कि उसके बाद पूर्व विधायक भैयाराम सिन्हा ने पत्रकार विनोद नेताम के साथ मारपीट की, जो अनुचित है। इसके लिए पार्टी कड़ी कार्रवाई की मांग करती है। प्रेस वार्ता में मंडल अध्यक्ष कौशल साहू, नंदकिशोर शर्मा, ईशा प्रकाश साहू, मेहत्तर नेताम, भुवन साहू, राजेश दीवान, पन्ना साहू, चिंता राम साहू, अनुसिईया ध्रुव, कुन्ती सिन्हा, ताम्रध्वज सिन्हा, अजेन्द्र साहू, शशिकान्त जगदल्ले, प्रदीप साहू उपस्थित थे।




# हसदा में मुरुम के अवैध खनन का आरोप, ग्रामीणों ने की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा/बेरला

बेरला विकासखण्ड अंतर्गत हसदा गाँव के ग्रामीणों ने ग्राम पंचायत की महिला सरपंच- तेजस्वी डहरिया पर मुरूम के अवैध खनन का आरोप लगाते हुए मामले की जाँच की मांग को लेकर ज़िला खनिज विभाग के अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में ग्रामीणों ने लिखा है, कि ग्राम हसदा में हो रहे मुरुम के अवैध खनन का कार्य ग्राम पंचायत की सरपंच तेजस्वी डहरिया, सचिव संतोष वर्मा एवं सरपंच पति पवन डहरिया द्वारा मिलीभगत कर कई स्थानों पर किया जा रहा है। जिसमें गांव के दायरे में स्थित छाता तालाब, पंडरी तालाब, हाई स्कूल के पिछे बांध, वनविभाग के पीछे, विनोद परगनिहा के खेत के सामने, सरहा (छीन) डबरी, डोंगयाही तालाब, गच्छताही तालाब तथा उसके पार को तोड़ कर मुरूम खनन किया गया है। ग्राम पंचायत हसदा के पंच-कामता धीवर द्वारा भी अपने खुद की भूमि पर खनन के लिए पट्टा लिया था. जिसके स्थान पर शासकीय भूमि में खनन कर तालाब बनवाया गया है। वहीं छाता तालाब में बीसरू वर्मा के नाम से पट्टा लेकर लगभग 15 फिट की गहराई तक मुरुम खनन किया गया है, जिसकी शिकायत बेमेतरा जिला कलेक्टर से विगत 22 जून को की गयी थी, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। अब ग्राम पंचायत हसदा के पुराने ग्राम पंचायत भवन को तोड़कर नए भवन का निर्माण किया गया है। लेकिन पूराने भवन के फर्श पत्थर, खिड़की दरवाजा, ग्रिल, कांच व लोहे-लकड़ी के म्यार आदि सामग्री की आज तक नीलामी नहीं की गयी है। ग्रामीणों ने माइनिंग विभाग के अधिकारी से जांच कर दोषियों पर उचित कार्रवाई की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अरुण कुमार परगनिहा,राजेश परगनिहा, तुला राम पाल,गोवर्धन साहू सहित काफ़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।



**ग्रामीणों ने जिला खनिज अधिकारी को सौंपा ज्ञापन**



## खबर संक्षेप



### मुरता स्कूल के प्रधानपाठकों ने बच्चों को कराया न्योता भोज

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला मुरता विकासखंड नवागढ़ के शासकीय प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक परमेश्वर प्रसाद साहू एवं माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक देवेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा न्योता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन प्रतिनिधि, पालकगण, एवं एसएमसी सदस्य उपस्थित रहे। प्रधान पाठक परमेश्वर प्रसाद साहू सर ने पालकों को न्योता भोजन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि न्योता भोजन का उद्देश्य भोजन के पोषक मूल्य में वृद्धि, समुदाय के बीच अपनेपन की भावना विकसित करना, एवं बच्चों में पौष्टिकता में वृद्धि होना है। इस पुनीत कार्य में कोई भी व्यक्ति, समुदाय के लोग अथवा सामाजिक संगठन, जनप्रतिनिधि किसी भी खास अवसर पर न्योता भोज का आयोजन कर सकते हैं। सभी बच्चों को न्योता भोज में केला, नमकीन, सब्जी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए बताया कि ऐसे ही पुनीत कार्य को सभी मिलजुल कर करते रहना चाहिए। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत मुरता सरपंच हेमंत साहू, विष्णु राम साहू संयोजक भाऊ राम साहू, राजेश साहू, तोप सिंह साहू, चैन साहू शाला विकास समिति अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, राजकुमार साहू, गेंदराम साहू , नेतराम साहू, हीरावन साहू, खेमिन साहू, मंगीता साहू, सुकृति साहू, भगवती साहू, कुंती साहू, लीला साहू, फेकन साहू, साधना साहू, उर्मिला साहू, मीनू साहू, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अनिल वर्मा, अंजनी टंडन, प्रतिभा साहू, रानू बंजारे, जानी मारकंडे, बीनु राम साहू, महेंद्र सिंह जगत, जीवराखन रजक, लक्ष्मेन्द्र साहू सफाई कर्मचारी एवं समस्त विद्यार्थी गण उपस्थित रहे।

### डॉ. खूबचंद बघेल कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**बेमेतरा।** वर्ष 2024 के डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 अगस्त तक आवेदन पत्र मंगाए गए हैं। आवेदन पत्र उप संचालक कृषि एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त किये जा सकते हैं।

### शराब दुकान हटाने महिलाओं का प्रदर्शन

**दुर्ग।** नेशनल हाईवे पर खुर्सीपार क्षेत्र में लंबे समय से शराब दुकान का संचालन किया जा रहा है। स्थानीय महिलाओं द्वारा लगातार इस पर आपत्ति की जा रही है। इसके बाद भी आबकारी विभाग ने इसे गंभीरता से नहीं लिया है। शुक्रवार को खुर्सीपार की महिलाओं का आक्रोश फूट पड़ा। हाथों में तख्तियां लेकर वे कलेक्ट्रेट पहुंच गई। जहां शासन-प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। इतना ही नहीं महिलाओं ने आबकारी दफ्तर के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। महिलाओं ने आबकारी विभाग के घेरने का भी प्रयास किया। कलेक्टर ऋच्छा प्रकाश चौधरी से महिलाओं ने दुकान को तत्काल हटाने की मांग की। अन्यथा उग्र आंदोलन की चेतावनी दी। 500 से ज्यादा महिलाएं शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पहुंची थी। सुरक्षा लिहाज से मौके पर पुलिस बल की तैनाती भी करनी पड़ी।

**पर्व :** विद्यालयों में छत्तीसगढ़ी परंपरा व संस्कृति की जानकारी देने मनाया गया त्योहार

# हरेली से एक दिन पहले स्कूलों में दिखा पर्व का उत्साह, हुए विविध कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में बड़े धूमधाम से हरेली उत्सव मनाया गया। बच्चे आगे आगे हरेली तिहार गाने पर खूब झूमे उठे, शाला में मौजूद सभी औजारों की साफ सफाई की गई और उसे मुरम पर रखकर तिलक व फूल चढ़ाकर व भोग लगाकर शिक्षकों, बच्चों व समाज से पधारे पालक और गणमान्य नागरिकों द्वारा पूजा अर्चना की गई। शाला में सभी स्थानों पर नीम की डाल लगाकर हरियाली का परिचय दिया गया। बच्चों द्वारा शिक्षकों के सहयोग से पोस्टर निर्माण किया गया। साथ ही पत्तों से भी चार्ट पर विभिन्न पशु-पक्षियों का निर्माण किया गया। रिमझिम बारिश के होते भी बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था। बच्चों के छत्तीसगढ़ की पारंपरिक वेश भूषा को धारण किया। समाज से उपस्थित महिला मंडली के सदस्यों द्वारा शाला की तथा रसोइया स्टाफ को बहुत सारे तोहफे दिये गये। शाला की प्रधान पाठिका गिरिजा पटेल ने बताया कि विकास एव उन्नति का प्रतीक हरेली त्यौहार हर साल श्रावण मास की अमावश्या के दिन मनाया जाता हैं। यह त्यौहार मुख्य रूप से खेती बाड़ी से जुड़ा होता हैं और इसे कृषि के विकास और उन्नति के प्रतीक के रूप मे मनाया जाता हैं 1 यह छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार माना जाता हैं। इस मौसम में फसलों में अलग।अलग प्रकार की बीमारियों का खतरा रहता हैं। ऐसे में फसलों में किसी भी प्रकार की बीमारी ना हो, साथ ही पर्यावरण भी सुरक्षित रहे इसके लिये किसान हरेली त्यौहार मनाते हैं। इस दिन किसान अपने खेतों और फसलों की धूप दीप और और अक्षत से पूजा करते हैं पूजा में भीलवावृक्ष की पत्तियों टहनियों और दशमूल को विशेष रूप से खड़ी फसल में लगाया जाता हैं, और उसकी पूजा की जाती हैं जिससे की फसल में होने वाले कई प्रकार के कीड़ों और हानिकारक बीमारियों से उनकी रक्षा होती हैं। इस अवसर पर आयोजन में मैमुना सुल्ताना, श्वेता वर्मा, आशुतोष चौबे, पुष्पा साहु, महेशिया निषाद, सुनीता साहु, सुंदर ठाकुर, रामप्यारी यादव, खेमा साहु, समाज से पूर्व पार्षद बसंती अग्रवाल, आशा अग्रवाल, प्रियंका अग्रवाल व शाला परिवार के बच्चे उपस्थित थे।

शासकीय कन्या प्राथमिक शाला देवकर में मनाई गई हरेली



### आज पारंपरिक रूप से धूमधाम से मनाया जाएगा हरेली त्योहार

**बेमेतरा/बेरला।** ब्लॉक बेरला सहित प्रदेश में छत्तीसगढ़ की लोक पारंपरिक पहली तिहार हरेली धूमधाम से उत्साह पूर्वक मनाएंगे। धान का कटोरा कहे जाने वाले छत्तीसगढ़ में हरेली तिहारक बड़ा महत्व है। यह पर्व हरेली की प्रमुख दिन व हरियाली की अवसर पर देवी देवताओं की पूजा की जाती है। गांव की मान्यताओं के चलते हरेली के दिन सुबह पशुओं को जड़ी-बूटी मिली आटे की लोंदी खिलाएंगे। वही खेती किसानी में उपयोग आने वाले औजारों की साफ-सफाई कर इसकी पूजा अर्चना करेंगे। जिसमें प्रसाद के रूप में छत्तीसगढ़ की पारंपरिक मान्यताओं के चलते ग्रामीण किसान चीला रोटी व व्यंजन चढ़ा कर पूजा कर भोग लगाते है।इस सावन मास की अमावस्या पर हरेली पर्व के रूप में मनाने के साथ किसान अच्छी बारिश एवं बेहतर फसल की कामना करते हैं। वहीं, छत्तीसगढ़ के पारंपरिक खेलों के आयोजन भी जगह-जगह किए जाएंगे। वही गांव में हरेली के दिन घर के मुख्य द्वार व गाड़ी, किसानी औजार सहित उपकरणों पर नीम के पत्ती लगाकर और चौखट पर कील ठोकने की परंपरा निभाई जाएगी। वहीं देवताओं की पूजा के बाद गांव में नारियल फेंकने और गेड़ी भी चढ़ेंगे। घरों घर छत्तीसगढ़ के पारंपरिक मीठे व्यंजन का आनंद लिया जाएगा।

## गुरुकुल विद्यालय में मनाई गई हरेली, बच्चों ने लगाए पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

गुरुकुल विद्यालय सुकुल पारा में शनिवार को छत्तीसगढ़ का पहला त्यौहार हरेली बहुत धूमधाम से मनाया गया। इसमें बच्चों और शिक्षकों ने उल्लास और उमंग के साथ भाग लिया। इस अवसर पर बच्चों ने बेल, आम, आंवला, नीम के पौधे लगाए और नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में कई बच्चे और शिक्षक आज हरे रंग की वेशभूषा में शामिल हुए। विद्यालय संचालक राजेश धर दीवान, शिक्षक योगेंद्र राजपूत एवं पुरुषोत्तम साहू ने छत्तीसगढ़ के इस हरेली पर्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पौधा रोपित करने वाले छात्र, देवांश, निखिल, सिद्धांत, चैतन्य, केतन, पूजा, रुद्र, ऋतुराज, खिलेश, पुष्कर, कोमल, रिया, निशिका, प्रांजल, एलिना, साक्षी, लिनिमा, आरती, ड्राइंग कला के माध्यम से अपने भाव व्यक्त करने वाले छात्र दीपेंद्र, ओजस्वी, रियांशी, वंदना, रेणुका, प्रशांत, मीनाक्षी, केतन, विनय, पलक, जीविका, मीनाक्षी, महिमा, आयुष, आंचल, कनिका, यश, मोक्षिका, रिहान, पलक, माही, रितिका, गीतेश्वरी स्मृति आदि शामिल हैं।



## विवेकानंद विद्यालय में मना हरेली उत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर हायर सेकेण्डरी स्कूल नवागढ़ में शनिवार को हरेली उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक सीमा जायसवाल ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा में पुष्प व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। साथ ही हरेली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व छत्तीसगढ़ का पहला त्योहार है।जो सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया जाता है इस दिन किसान खेती किसानी में काम आने वाले कृषि यंत्रों की पूजा करते है जो हमारी परम्परा और संस्कृति को दर्शाते हैं।



हरेली उत्सव के इस पावन पर्व पर विद्यालय के छात्र छात्राएं छत्तीसगढ़ महतारी के वेशभूषा व किसान की वेशभूषा में आए हुए थे। साथ ही विद्यालय में विविध कार्यक्रम जैसे गीत, कविता, नृत्य, पोस्टर प्रतियोगिता के साथ साथ पारम्परिक खेल फुगड़ी, गेड़ी दौड़ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय प्रमुख वीरेंद्र जायसवाल ने हरेली पर्व की बधाई देते हुए कहा कि हरेली का आशय हरियाली ही है। वातावरण चारो ओर हरा भरा हो जाता है। साथ ही पशुधन की स्वास्थ्य की रक्षा के लिए औषधि युक्त आंटे की लोंदी खिलाई जाती है। अपने अपने घरों में कृषि यंत्रों की पूजा के साथ साथ अपने अपने आराध्य देवी देवताओं की पूजा की जाती है। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य नरेश कुमार साहू ने सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की।

## गुनरबोड़ स्कूल में किसान की वेशभूषा में पहुंचे अनेक बच्चे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला गुनरबोड़ में शनिवार को हरेली त्योहार मनाया गया। जिसमें बच्चों को छत्तीसगढ़ का प्रथम त्यौहार हरेली से परिचय कराया गया। साथ ही बच्चों को हरेली विषय पर बोलने हेतु प्रेरित किया गया। जिसमें कक्षा 4 की छात्रा मीनाक्षी ने बहुत सुंदर प्रस्तुति दी। साथ ही फैंसी ड्रेस में छात्र किसान की वेशभूषा में रहे बच्चे गेड़ी में चढ़कर बहुत खुश थे। साथ ही स्थानीय खेल फुगड़ी का भी आयोजन किया गया। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को हरेली त्योहार से परिचित कराते हुए कहा कि हरेली छत्तीसगढ़ राज्य का प्रथम त्योहार है। इस त्यौहार को श्रावण मास की अमावस्या को मनाया जाता है। इस दिन किसान कृषि उपकरणों की पूजा करते हैं। और अच्छे फसल की कामना करते हैं। शिक्षिका विधि शर्मा ने बच्चों को स्थानीय पकवान फरा बनाना सिखाया। साथ ही बच्चों को बताया कि छत्तीसगढ़ के बहुत से पकवान चावल से ही बनाए जाते हैं क्योंकि हमारी मुख्य फसल धान है। आज पूरे दिन बच्चों में उत्साह का माहौल रहा। शाला के प्रधान पाठक ललित निर्मलकर ने कृषि उपकरणों तथा गेड़ी की पूजा अर्चना की तथा बच्चों को चॉकलेट वितरण कर शुभकामना दी।



## आत्मानंद स्कूल मारो में हुई विविध प्रतियोगिताएं, किया गया पौधारोपण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मारो

स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, मारो में हरेली त्यौहार के पूर्व हरेली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष धनलाल देशलहरे एवं एसएमडीसी के अध्यक्ष नरेंद्र साहू उपस्थित हुए। कार्यक्रम का संचालन अल्पा भारती द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी एवं सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलन कर तथा छत्तीसगढ़ की परंपरा अनुसार कृषि संबंधी औजारों एवं गेड़ी की पूजा की गई। अतिथियों का तिलक लगाकर एवं श्रीफल के साथ स्वागत किया गया। इसके उपरांत अतिथियों एवं प्राचार्या सरिता गुप्ता ने हरेली उत्सव की परंपरा एवं उसके आयोजन के उद्देश्य से छात्रों को परिचित कराया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता छेदू सिंह ठाकुर, पालन सिंह छत्री, विक्रम कुमार, सहित अंग्रेजी तथा हिंदी माध्यम के समस्त शिक्षक उपस्थित थे। हमारे अतिथियों ने भी कार्यक्रम का आनंद लेते हुए बच्चों के साथ नारियल फेक, गेड़ी चढ़ने का आनंद लिया। इस अवसर पर छात्रों द्वारा तनुरिया वर्मा एवं श्रेया तिवारी के निर्देशन में छत्तीसगढ़ी महतारी एवं किसानों की पोशाक पहनकर , चित्रकला द्वारा तथा छत्तीसगढ़ी व्यंजन चीला ,फरा, चौसेला ,टमाटर की चटनी,गुलगुल भजिया आदि के माध्यम से छत्तीसगढ़ की परंपरा और संस्कृति को दिखाया गया। कार्यक्रम के अंत में कपिल साहू के निर्देशन में वृक्षारोपण भी कराया गया तथा प्राचार्या सरिता गुप्ता द्वारा सभी अतिथियों समस्त शिक्षकों एवं छात्रों का आभार व्यक्त किया गया तथा छात्रों को इसी प्रकार अपनी सभ्यता और संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया गया।



## प्राथमिक शाला समेसर में धूमधाम से मनाई गई हरेली



बेमेतरा। शासकीय प्राथमिक शाला समेसर में हरेली महोत्सव का त्यौहार बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय की प्रधान पाठिका साधना साहू ने बच्चों को हरेली त्यौहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। हरेली के दिन गाय ला लोदी खवाय जाथे, किसान ह नांगर ला घर के किसानी के सबो समान धोके पूजा करथे, सावन महीना म तिहार मनाएं जाथे, इस दिन चीला रोटी बनाथे, तिहार ला बहुत धूमधाम से मनाथन, चारों तरफ़ हरियाली दिखाई देथे, इस प्रकार बच्चों को हरेली त्यौहार के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। शाला की प्रधान पाठिका साधन साहू ने कहा कि हरेली त्यौहार से छत्तीसगढ़ की उन्होंने बताया कि इस दिन पशुधन को नहला-धुला कर पूजा करते हैं। गेहूं आटे को गूंथ कर गोल-गोल बनाकर जड़ी बूटियों के साथ अरंडी या खम्हार पेड़ के पत्ते में लपेटकर गोधन को औषधि खिलाते हैं। ताकि गोधन को विभिन्न रोगों से बचाया जा सके। गांव में पौनी-पसारी जैसे राऊत व बैगा हर घर के दरवाजे पर नीम की डाली खोंचते हैं। गांव में लोहार अनिष्ट की आशंका को दूर करने के लिए चौखट में कील लगाते हैं। यह परम्परा आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में विद्यमान है। इस अवसर पर गीत भी गाया गया। शाला के प्रधान पाठिका साधना साहू व दिलीप कुमार जांगड़े उपस्थित रहे।

### शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़ में मनाया गया हरेली

## बीजागोड़ के बच्चे चढ़े गेड़ी गुरहा चीला का खाया प्रसाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

शासकीय प्राथमिक शाला बीजागोड़, विकासखण्ड साजा में छत्तीसगढ़ के पहिली तिहार हरेली को धूमधाम से मनाया गया। हिन्दू धर्म में हरियाली अमावस्या का बहुत महत्व है। जिसे सावन माह के कृष्ण पक्ष की अमावस्या तिथि को मनाया जाता है। इसी दिन को छत्तीसगढ़ के प्रमुख तिहार हरेली के रुप में मनाया जाता है। जो मुख्यतः किसानों और कृषि और प्राकृतिक से जुड़ा होता है। अपनी इसी सुंदर परम्परा को बचाने हेतु शाला परिवार ने भी विद्यालय में गेड़ी, कुदाल, हँसिया लौह औजारों की पूजा की। चाउंर पिसान के चीला और गुड़ एवं छूत्तीसगढ़ी व्यंजनों का भोग लगाकर हरेली माता से सबकी शुभकामना मांगी।बच्चों ने गेड़ी पर चलकर बहुत आनंद लिया और दरवाजे पर नीम ड़ाल को लगाके हमारी परम्परा एवं संस्कृति का निर्वहन किया। इस मौके पर संकुल समन्वयक मनीराम श्रीवास, प्रधानपाठक विशेषर नेताम, नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा, रसोइया सुमित्रा, संगीता एवं समस्त छात्रगण उपस्थित रहे। नवाचारी शिक्षिका चंदा सिन्हा ने कहा कि बच्चे हरेली तिहार को लेकर बहुत उत्साहित थे। रंग बिरंगे परिधानों में बच्चों ने कलगी और माथबंध लगाकर छूत्तीसगढ़ी संस्कृति को बनाये रखा। बच्चों ने ड्राइंग शीट पर पेड़ पौधों के सुंदर सुंदर चित्र बनाकर लोगों को हरेली त्यौहार की शुभकामनाएं भी दी।



